प.सं. 17-3/2026/(प्र./वि.)/म.सा.रा.वे.वि.प्र./स्मरण दिनांक: 25/11/2026

पत्र-II/_____

परिपत्र / Circular – 2205

विषय: UDISE+ पोर्टल पर लंबित डेटा प्रविष्टि पूर्ण करने हेतु अंतिम अवसर (दिनांक 26, 27 एवं 28 नवंबर 2026) के संबंध में।

Subject: Final Opportunity for Completion of Pending Data Entry on UDISE+ Portal (26th, 27th & 28th November 2026).

संदर्भ: प्रतिष्ठान के पूर्व परिपत्र क्रमांक 2161 (दिनांक 06/10/2026), अधिसूचना क्रमांक 2170 (दिनांक 13/10/2026) एवं स्मरण पत्र क्रमांक 2193 (दिनांक 05/11/2026)।

Reference: Pratishthan's earlier Circular No. 2161 (dated 06/10/2026), Notification No. 2170 (dated 13/10/2026), and Reminder No. 2193 (dated 05/11/2026).

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के क्रम में महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा अनुदानित समस्त संबद्ध वेद पाठशालाओं जिन्हें UDISE Code आवंटित हो चुका है, उनके UDISE+ पोर्टल (https://udiseplus.gov.in/) पर डेटा प्रविष्टि की नवीनतम समीक्षा की गई है। समीक्षा में पाया गया है कि बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद अधिकांश पाठशालाओं का कार्य अभी भी अपूर्ण है।

In continuation of the above-referenced letters, all affiliated Veda Pathashalas receiving financial aid from Maharshi Sandipani Rashtriya Veda Vidya Pratishthan (MSRVVP), Ujjain, that have been allotted a UDISE Code, on their latest review of the UDISE+ portal (https://udiseplus.gov.in/). It has been observed that despite repeated instructions, the data entry work of most Pathashalas is still incomplete.

1. **अंतिम अद्यतन स्थिति रिपोर्ट (Last Updated Status PDF - अनुलग्नक-1):** इस परिपत्र के साथ एक विस्तृत PDF सूची संलग्न की जा रही है, जिसमें यह स्पष्ट दर्शाया गया है कि किस पाठशाला द्वारा UDISE+ पोर्टल पर अंतिम बार कब (दिनांक) डेटा अपडेट किया गया है तथा किस पाठशाला का कौन-सा मॉड्यूल लंबित है। सभी पाठशालाएँ इस सूची में अपनी अद्यतन स्थिति की जाँच करें।

   A detailed PDF report is attached herewith showing the exact date when each Pathashala last updated its data on the UDISE+ portal along with module-wise pending status. All Pathashalas must verify their current status in this list.

2. **विद्यालय प्रोफाइल एवं डेटा प्रविष्टि (School Profile & Data Entry - अनुलग्नक-2):** जिन पाठशालाओं का 'School Profile & Facilities' एवं सामान्य डेटा प्रविष्टि कार्य अभी तक लंबित है, उनकी सूची संलग्न है। संबंधित पाठशालाएँ तत्काल पोर्टल पर लॉगिन कर इसे पूर्ण करें।

   The list of Pathashalas whose 'School Profile & Facilities' and general data entry work is still pending is attached. Concerned Pathashalas must log in immediately and complete the same.

3. **शिक्षक मॉड्यूल की स्थिति (Teacher Module Pending List - अनुलग्नक-3):** पोर्टल की समीक्षा के अनुसार अब तक केवल 07 पाठशालाओं द्वारा ही शिक्षक मॉड्यूल (Teacher Module) पूर्णत: सर्टिफाइड किया गया है। शेष सभी संबद्ध वेद पाठशालाओं का शिक्षक डेटा सभी प्रोफाइल पूर्ण करना और पूरे शिक्षक मॉड्यूल को सर्टिफाइड करना अभी भी लंबित है। अतः उन 07 पाठशालाओं को छोड़कर शेष समस्त पाठशालाएँ (संलग्न सूची अनुसार) अपने शिक्षकों का विवरण अनिवार्य रूप से पूर्ण व प्रमाणित करें।

As per portal review, only 06 Pathashalas have completed the Teacher Module and certified it. The teacher data of all remaining affiliated Veda Pathashalas is still pending. Therefore, excluding those 07 Pathashalas, all remaining Pathashalas (as per attached list) must mandatorily complete and certify their teacher details.

4. छात्र मॉड्यूल एवं विद्यार्थी संख्या मिलान (Student Module & Enrollment List - अनुलग्नक-4): संलग्न छात्र सूची में प्रत्येक पाठशाला के खाते (Account) में दर्ज कुल विद्यार्थियों की संख्या का विवरण दिया गया है। पाठशालाएँ अपने खाते में दर्ज विद्यार्थियों की कुल संख्या के अनुसार यह सुनिश्चित करें कि कितने छात्रों का डेटा अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। शेष सभी छात्रों की प्रविष्टि पूर्ण करें तथा पूर्व अधिसूचना क्रमांक 2170 (दिनांक 13/10/2026) के अनुसार नए प्रवेश हेतु Form S02 एवं कक्षा परिवर्तन/संशोधन हेतु Form S03 भरकर प्रतिष्ठान की ईमेल udisemsrvvp@gmail.com पर प्रेषित करें।

The attached student list specifies the total number of students registered in each Pathashala's account. Pathashalas must verify how much student data remains incomplete against their registered student count and complete it. Additionally, as per Notification No. 2170 (dated 13/10/2026), duly filled Form S02 (new admissions) and Form S03 (class update/correction) must be sent to udisemsrvvp@gmail.com.

5. कार्य पूर्ण करने की अंतिम समय-सीमा (दिनांक 26, 27 एवं 28 नवंबर 2026): समस्त संबंधित पाठशालाओं को यह अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है कि वे आगामी तीन दिवस अर्थात् दिनांक 26/11/2026, 27/11/2026 एवं 28/11/2026 के भीतर अपने सभी लंबित मॉड्यूल्स (School, Teacher एवं Student) का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

All concerned Pathashalas are hereby given a final opportunity to ensure 100% completion of all pending modules (School, Teacher, and Student) within the next three days, i.e., on 26/11/2026, 27/11/2026, and 28/11/2026.

6. **तकनीकी सहायता:** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर प्रतिष्ठान की आधिकारिक ईमेल udisemsrvvp@gmail.com पर संपर्क करें अथवा परिपत्र क्रमांक 2161 (दिनांक 06/10/2026) में दिए गए Google Form लिंक (https://forms.gle/1hAkhf29tqEdKg2CA) पर अपनी समस्या दर्ज करें।

संलग्नक (Enclosures):

1. Last Update Status Report (PDF)
2. Pending Teacher Module List
3. Student Enrollment & Pending List
4. S02 and S03 forms
5. Process guide

25.11.26

(संजय श्रीवास्तव)
सहायक निदेशक एवं राज्य एम.आई.एस. प्रभारी
महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

प्रतिलिपि (Copy to):

1. प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त संबंधित वेद पाठशालाओं को सूचनार्थ एवं तत्काल पालनार्थ (प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित)।
2. सचिव महोदय, म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन के अवलोकनार्थ।
3. कार्यालय आदेश पत्रावली।